
# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

## शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर

बुधवार, 17 सितंबर 2025 | आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी    UAN NO. RJ21D0011677    वर्ष - 07 , अंक 37


## कांग्रेस का सवाल क्या पीएम मोदी होंगे रिटायर? रबीजेपी की दो टूक- 'जिनके अध्यक्ष 85 के, वो उठा रहे सवाल'




*प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 72 वें जन्मदिन पर पुरी समुद्र तट पर 1213 मिट्टी के चाय के कप से पांच फीट की रेत की मूर्ति बनाई थी*

एजेंसी. नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर, बुधवार को अपना 75 वां जन्मदिन मनाएंगे। 1950 में गुजरात के वडनगर में उनका जन्म हुआ था। भारतीय जनता पार्टी ने पीएम मोदी के जन्मदिन को 'सेवा पखवाड़ा' के तौर पर मनाने का ऐलान किया है। पूरे देश में 'सेवा पखवाड़ा' के तहत रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच कैंप और विकास परियोजनाओं का आयोजन होगा।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने खास बातचीत में बताया कि हर साल भाजपा पीएम के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाती है। उन्होंने कहा कि पीएम ने अपना जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ पीएम के रूप में इससे पहले से वो लगातार सार्वजनिक सेवा में कार्यरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भी पीएम अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। पीएम मोदी बुधवार को 75 साल के हो जाएंगे तो क्या वो रिटायर होंगे. विपक्ष लगातार यह सवाल उठा रही है। इस सवाल पर भाजपा प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन की उम्र पर निशाना साधते हुए कहा- 'कौन सवाल उठा रहा है 75 साल पर, जिसके अध्यक्ष खुद 85 साल के हैं.' प्रेम शुक्ला ने कहा कि 75 साल की उम्र में रिटायरमेंट का नियम भाजपा में किसी ने नहीं बनाया है। प्रेम शुक्ला ने कहा कि पीएम पिछले 25 सालों से लगातार सार्वजनिक सेवा में लगे हैं। पिछले 11 साल से पीएम हैं और एक दिन का भी अवकाश नहीं लिया। प्रेम शुक्ला ने कहा कि पीएम मोदी अभी स्वस्थ हैं और बेहतर ढंग से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी हमेशा से एक कार्यकर्ता की भूमिका में रहते हैं और यही वजह है कि कार्यकर्ता उनसे जुड़ाव महसूस करते हैं। पीएम के एक आह्वान पर वो अपने आप को सेवा में झोंक देते हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप ने PM नरेंद्र मोदी को लगाया फोन



*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर बात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी*

एजेंसी. नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर बात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर ये जानकारी दी। पीएम मोदी ने लिखा, "मेरे मित्र, राष्ट्रपति ट्रंप, मेरे 75वें जन्मदिन पर आपके फोन कॉल और हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। आपकी तरह, मैं भी भारत-अमेरिका व्यापक और वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। हम यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आपकी पहल का समर्थन करते हैं।"



संजय दाधीच. रिपोर्ट टाइम्स. नई दिल्ली। आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिन है। इस खास मौके पर पीएम मोदी मध्य प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। यहां धार में वह एक विशाल टेक्सटाइल पार्क का उद्घाटन करेंगे। वहीं, इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (BJP) 'सेवा पखवाड़ा' अभियान चलाएगी। यह 16 दिवसीय अभियान पूरे देश में चलेगा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन 17 सितंबर को मनाया जाता है। वे 1950 में गुजरात के वडनगर में जन्मे थे।

# Not Out@75 : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

संघर्षशील जीवन : पीएम मोदी का जीवन संघर्ष, संकल्प और समर्पण की मिसाल है। उन्होंने एक सामान्य परिवार से उठकर देश के सबसे उच्च पद तक का सफर तय किया है।

रेलवे स्टेशन पर चाय की दुकान : नरेंद्र मोदी का जन्म वडनगर में हीराबा और दामोदरदास मोदी के घर हुआ था। उनके पिता दामोदरदास शहर के पास स्टेशन पर एक चाय की दुकान लगाकर अपना जीवन-यापन करते थे। मोदी स्कूल के बाद चाय की दुकान पर अपने पिता की मदद करते थे. वे रेल यात्रियों को चाय परोसते थे। 1967 में उन्होंने घर छोड़कर हिमालय, ऋषिकेश, रामकृष्ण मिशन सहित पूरे भारत की यात्रा की। 1972 में वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) में शामिल हुए और इस दौरान अपना पूरा जीवन समर्पित करने का निर्णय लिया। 1975 में नरेंद्र मोदी को आरएसएस द्वारा 'गुजरात लोक संघर्ष समिति' का महासचिव नियुक्त किया गया। इमरजेंसी के दौरान गिरफ्तारी से बचने के लिए मोदी को अंडरग्राउंड होना पड़ा. वे सरकार विरोधी पर्चे छापने में शामिल थे।

1978 में नरेंद्र मोदी को संघ में और जिम्मेदारी मिली। वह 'विभाग प्रचारक' बने और उन्हें वडोदरा में काम करने को कहा गया।

1979 में वे दिल्ली में आरएसएस के लिए काम करने गए। जहां उन्हें इमरजेंसी के इतिहास पर आरएसएस के एडिशन पर रिसर्च और राइटिंग का काम सौंपा गया।

1980 में वह आरएसएस के 'संभाग प्रचारक' बने और उन्हें दक्षिण गुजरात और सूरत का अतिरिक्त क्षेत्र दिया गया।

1985 में आरएसएस ने मोदी को भाजपा में शामिल किया। बाद में 1987 में मोदी ने अहमदाबाद नगर निगम चुनाव में भाजपा के अभियान को संगठित करने में मदद की और पार्टी ने वह चुनाव जीत लिया।

कुशल रणनीतिकार के रूप में पहचान : 1988 और 1995 के बीच नरेंद्र मोदी को एक कुशल रणनीतिकार के रूप में पहचाना गया, जिन्होंने गुजरात भाजपा को राज्य की सत्ताधारी पार्टी बनाने के लिए आवश्यक आधार तैयार किया था। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश भरने का चुनौतीपूर्ण कार्य पूरी ईमानदारी से किया। इससे पार्टी को राजनीतिक लाभ मिलना शुरु हुआ और अप्रैल 1990 में केंद्र में एक गठबंधन सरकार बनी। हालांकि, यह साझेदारी कुछ ही महीनों में टूट गई, लेकिन 1995 में भाजपा गुजरात में दो-तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में आई। तब से भाजपा गुजरात पर शासन कर रही है। 1987 में उन्होंने विभिन्न नगर निकायों के चुनावों के लिए संगठन कार्य में सक्रिय भूमिका निभाई और भाजपा ने अहमदाबाद नगर निगम चुनाव जीता। 1987 में ही उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी के साथ न्याय यात्रा में भाग लिया। इस दौरान गरीबों के अधिकारों के लिए लड़ने हेतु न्याय यात्रा की और 1989 के लोकसभा चुनावों के लिए काम शुरु किया।

पीएम मोदी का राजनीतिक सफर: 1990 में भाजपा ने गुजरात विधानसभा चुनावों में 67 सीटें जीतीं और चिमनभाई पटेल की सरकार में शामिल हुए।

1990 में ही मोदी ने लालकृष्ण आडवाणी की 1990 की राम रथ यात्रा और 1991-92 में मुरली मनोहर जोशी की एकता यात्रा के आयोजन में मदद की.

1995 में उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया और भारत के पांच प्रमुख राज्यों का प्रभार सौंपा गया। एक युवा नेता के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि थी. इस बीच भाजपा ने 1995 में गुजरात विधानसभा चुनावों में 121 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया। इसके बाद वह राष्ट्रीय सचिव के रूप में दिल्ली पहुंचे और उन्हें विभिन्न उत्तर भारतीय राज्यों का प्रभार दिया गया।

1998 में उन्हें महासचिव (संगठन) के पद पर पदोन्नत किया गया और इस पद पर वे अक्टूबर 2001 तक रहे। इस दौरान 1999 लोकसभा चुनाव में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने संसदीय चुनावों में लगातार दूसरी जीत हासिल की।

14 साल गुजरात के मुख्यमंत्री : 2001 में केशुभाई पटेल का स्वास्थ्य खराब हो रहा था और भाजपा उपचुनावों में कुछ राज्य विधानसभा सीटें हार गई। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने पटेल की जगह मोदी को गुजरात का मुख्यमंत्री नियुक्त किया।

7 अक्टूबर 2001 को मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. वे पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने।

2002 में उन्होंने गुजरात विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को रिकॉर्ड जीत दिलाई।

2004 में उन्होंने स्कूल नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से कन्या केलवणी और शाला प्रवेशोत्सव की शुरुआत की।

2007 में भाजपा ने एक बार फिर गुजरात विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की और नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

2009 में उन्होंने ई-ग्राम, विश्व ग्राम योजना का शुभारंभ किया।

2011 में मोदी ने सद्भावना यात्रा निकाली, जो सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए पूरे गुजरात में एक रोड शो था। इसी दौरान प्रधानमंत्री बनने की उनकी महत्वाकांक्षा पहली बार सार्वजनिक हुई।

2012 में उन्होंने एक बार फिर विधानसभा चुनावों में भाजपा को जीत दिलाई और चौथी बार मुख्यमंत्री बने। मार्च 2012 में टाइम पत्रिका ने अपने 26 मार्च 2012 के अंक में नरेंद्र मोदी को 'मोदी मीन्स बिजनेस' टाइटल से कवर पेज पर छापा।

2013 में भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनावों के लिए नरेंद्र मोदी को पार्टी का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया।

2013 में लालकृष्ण आडवाणी और नरेंद्र मोदी द्वारा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की आधारशिला रखी गई।

2014 में बने प्रधानमंत्री : 2014 के चुनावों में एनडीए की ऐतिहासिक जीत मिली और वह पार्टी की संसदीय दल के नेता बने और प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

2014 में ही टाइम मैग्जीन के रीडर्स के सर्वे में उन्होंने'पर्सन ऑफ द ईयर' का खिताब जीता।

9 जनवरी 2019 को मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए आरक्षण को आगे बढ़ाया और EWS कैटेगरी के तहत आने वाले लोगों को नौकरियों और शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक पारित किया।

30 मई 2019 को पीएम मोदी ने दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके शपथ समारोह में 8,000 लोगों ने भाग लिया।

5 अगस्त 2019 को भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने एक ही झटके में संविधान के अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया। जो जम्मू और कश्मीर को विशेष दर्जा देता था।

11 दिसंबर 2019 को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम व्यापक विरोध के बीच संसद में पारित हुआ। मुसलमानों के प्रति भेदभावपूर्ण माने जाने वाले इस कानून को एक दिन बाद अधिसूचित कर दिया गया। इसको लेकर पूरे देश में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए।

5 अगस्त, 2020 को प्रधानमंत्री मोदी ने विवादित अयोध्या भूमि पर राम जन्मभूमि मंदिर की आधारशिला रखी - जहां 1992 में बाबरी मस्जिद को अवैध रूप से ध्वस्त कर दिया गया था।

22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या धाम स्थित मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिवसीय विशेष अनुष्ठान किया। वह इस समारोह के मुख्य यजमान थे।

2024 में प्रधानमंत्री मोदी 18वीं लोकसभा चुनाव में वाराणसी लोकसभा सीट से तीसरी बार निर्वाचित हुए और एक बार फिर प्रधानमंत्री बने।



# कृष्ण सुदामा चरित्र सुनने उमड़े श्रद्धालु









## जरा जीव विचारों मन में तेरी आत्मा का कैसा ये रूप है

## तेरी देह नहीं है तेरी आत्मा, ये तो सत् चित् आनंद रूप है

आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स.चिड़ावा। स्थानीय पुराने पोस्ट ऑफिस में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास वाणी भूषण प्रभु शरण तिवाड़ी ने मनुष्य जीवन के उद्देश्य और आत्मा के स्वरूप पर महत्वपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस शरीर को हम अपना समझते हैं, वह वास्तव में हमारा नहीं है, बल्कि यह केवल एक रथ है, जिसकी सारथी हमारी आत्मा है।

तिवाड़ी ने भजन "जरा जीव विचारों मन मे तेरी आत्मा का कैसा रूप है, ये देह नहीं है तेरी आत्मा तू तो सतचित आनंद रूप है" का उदाहरण देते हुए कहा कि जो कुछ भी हम देख सकते हैं, वह हम नहीं हो सकते। द्रष्टा (देखने वाला) और दृश्य (जो देखा जा रहा है) कभी एक नहीं हो सकते। हमारा शरीर दृश्य है, जबकि हम स्वयं, जो देखने वाले हैं, वह आत्मा हैं। इस प्रकार, यह शरीर हमारा नहीं है, बल्कि हम स्वयं आत्मा हैं।

उन्होंने आगे कहा कि आत्मा परमात्मा का अंश है, ठीक उसी तरह जैसे पानी की एक बूँद विशाल समुद्र का अंश होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मानव जीवन का अंतिम और एकमात्र लक्ष्य भगवान की प्राप्ति है। हमारा शरीर एक रथ की तरह है, और हमारी आत्मा इसका सारथी है। इस रथ का उपयोग करके सारथी को भगवान तक पहुँचना है।

कथा के दौरान, भगवान श्रीकृष्ण और उनके मित्र सुदामा की सजीव झाँकी प्रस्तुत की गई, जिसने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मधुर भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा के समापन पर, कथा व्यास वाणी भूषण श्री प्रभु शरण तिवाड़ी का भव्य अभिनंदन और पूजन किया गया। कथा से पूर्व मुख्य यजमान रामवतार शर्मा-कलावती देवी व परिवार के सदस्यों ने आचार्य नरेश जोशी, आमोद शर्मा, विक्रम शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भागवत व व्यास पूजन किया। इस दौरान महेन्द्र शर्मा, अशोक शर्मा, प्रमोद शर्मा, अनिल शर्मा, वेद प्रकाश,सुशील कुमार, विनोद कुमार लाम्बीवाला, विनोद खंडेलवाल, कमल मोदी, सुरेश खंडेलवाल, मोतीलाल लांबीवाला, सांवरमल गहलोत, रामवतार शर्मा श्योपुरा, ओम प्रकाश कौशिक, योगेंद्र मिश्रा, राजीव शुक्ला, सुभाष लांबीवाला, कमल शर्मा, संजय शर्मा श्योपुरा, गोपाल लाठ, गोपाल सिंह सुलताना, राजेश दायमा, रतनलाल गोयल, सिद्धार्थ शर्मा, अजय शर्मा, फूलचंद भगेरिया, सांवरमल गहलोत, सुभाष धाबाई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे।





# चिड़ावा में भव्य गरबा महोत्सव 26 -27 सितंबर को



चिड़ावा । शहर में आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

## राजस्थान शिक्षण संस्थान के खेल मैदान में होगा आयोजन

योगेश्वर पचरंगिया, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। शहर के नया बस स्टैंड के पास राजस्थान शिक्षण संस्थान खेल मैदान में आगामी 26 और 27 सितंबर 2025 को एक भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। युवा जनशक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में होने वाले इस कार्यक्रम, जिसका नाम चिड़ावा डांडिया रास है, की तैयारियां जोरों पर हैं।

## चिड़ावा में भव्य गरबा महोत्सव का पोस्टर जारी

### आयोजकों ने दी कार्यक्रम की जानकारी

शहर के बावलिया बाबा मंदिर में महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर एसडीएम डॉ. नरेश सोनी, पालिकाध्यक्ष सुमित्रा सैनी, पालिका ईओ रोहित मील, महालक्ष्मी ज्वैलर्स के एमडी महासिंह-जयसिंह मांठ, सीबीईओ डॉ. उमादत्त झाझड़िया और एसीबीईओ सुरेश कुमार पायल मौजूद थे।

प्रवक्ता नीतिका थालौर ने बताया कि दो दिवसीय इस महोत्सव में प्रतिदिन शाम 6:30 बजे से रात 10 बजे तक डांडिया कार्यक्रम होगा, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

इस अवसर पर संतोष डिजाइन्स से संतोष मील, मोनिका मील, पार्षद विमला, अनिता मोदी, सुधा सिढ्ड़, आंचल भगेरिया, डॉ. कुसुमलता शर्मा, पूजा शर्मा, आयना सैनी, कंचन स्वामी, पूजा गोयल, रेखा चौधरी, सोनिका चेतीवाल, पूजा शर्मा, कुसुम सूरजगढिय़ा, मंजू वर्मा, माया शर्मा, सुधा शर्मा, सुनीता शाह, अनिता जांगिड़, रिशू शर्मा, पूनम शर्मा, प्रसन्नता, पिंकी, शकुंतला, पूजा गोयल, मुस्कान, ऋतु सूरजगढिय़ा, सोना राजपूत, दीपा शर्मा, ख्याति, उषा शर्मा, विजयलक्ष्मी सहित कई अन्य लोग भी मौजूद थे। इस आयोजन को लेकर शहरवासियों में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है।

## दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर श्री शिव शक्ति मित्र मंडल की बैठक

### आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां



कमलकांत पुजारी, रिपोर्ट टाइम्स. चिडावा

श्री शिव शक्ति मित्र मंडल की ओर से मां दुर्गा पूजा महोत्सव की आगामी तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। मंडल कमेटी प्रभारी अध्यक्ष राजेश नातवाल (राजू भाई) के सानिध्य में यह बैठक मंडल कमेटी के कार्यकर्ता सुरेश सैनी की चक्की दुकान पर हुई। बैठक में अध्यक्ष राजेश नातवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी। साथ ही वार्डवार पंपलेट वितरण एवं कार्ड वितरण की जिम्मेदारी भी कार्यकर्ताओं को नियुक्त कर दी गई। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ मां दुर्गा पूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए जुटें। इस अवसर पर कथा यजमान श्रीमती मधुबाला चम्पालाल जांगिड़ के द्वारा मां दुर्गा के पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में मंडल के समस्त कार्यकर्ताओं ने भागीदारी निभाई। आयोजन में विशेष रूप से श्री सांवरमल पारीक, श्री रामचंद्र शर्मा, श्री दिनेश जांगिड़, नगर पालिका चिड़ावा के वार्ड 29 के पार्षद सतपाल जांगिड़, वार्ड 28 के पार्षद गंगाधर सैनी, श्री बाबूलाल स्वामी, श्री लीलाधर स्वामी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री शिव हनुमान मित्र मंडल द्वारा आयोजित चतुर्थ दुर्गा महोत्सव का पोस्टर विमोचन

### कार्यकर्ताओं को मिली जिम्मेदारियां तैयारी हुई शुरू

रोहित कुमार | चिड़ावा

श्री शिव हनुमान मित्र मंडल द्वारा आयोजित किए जाने वाले चतुर्थ दुर्गा महोत्सव की तैयारियां ज़ोर-शोर से चल रही हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम में महोत्सव का पोस्टर विमोचन किया गया और साथ ही विभिन्न कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। पोस्टर विमोचन के बाद, कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए शहर के मुख्य मार्गों पर पोस्टर लगाए गए। बावलियां बाबा साधना स्थल, कल्याण राय प्रभु मंदिर, गणेश मंदिर, पंचमुखी बालाजी चौक और अन्य प्रमुख स्थानों पर ये पोस्टर लगाए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक महोत्सव की जानकारी पहुंच सके। पोस्टर विमोचन के साथ ही महोत्सव के लिए पंडाल सजाने का काम भी शुरू हो गया है।



कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता मिलकर काम कर रहे हैं। इस अवसर पर विनोद सैनी, नितेश वर्मा, राजेश कटारिया, राजेंद्र कुमावत, दीपक वर्मा (बाबू), दिनेश शर्मा, रवि कटारिया, रिछपाल वर्मा, सत्यपकाश शर्मा (एसपी), मनीष शर्मा, मुकेश सैनी, गौरव स्वामी, गणेश स्वामी, तरुण शर्मा, हर्ष शर्मा, आर्यन सैनी, रोहित स्वामी, दक्ष शर्मा, पियांशु सैनी, और सुधीर सैनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# खेतड़ी के युवक पंकज की घर से 300 मीटर दूर कुएं में मिली लाश

## शरीर पर चोटों के निशान देख उबला परिवार का गुस्सा!



रिपोर्ट टाइम्स. खेतड़ी

खेतड़ी के ढाणी बाढ़ान इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब कल रविवार शाम से लापता 22 वर्षीय युवक का शव घर से महज 300 मीटर की दूरी पर एक खेत में बने कुएं में मिला। शव मिलने की खबर से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की हत्या कर शव को कुएं में फेंकने का आरोप लगाया है, जिससे इलाके में तनाव का माहौल है। मौके पर मिले खून के धब्बे और संघर्ष के निशान इस मामले को और भी रहस्यमयी बना रहे हैं। घटनाक्रम की शुरुआत रविवार शाम को हुई। ढाणी बाढ़ान वार्ड नंबर 7 के रहने वाले राजेंद्र कुमार के 22 वर्षीय बेटे पंकज उर्फ बिल्लू के पास शाम करीब 7 बजे किसी का फोन आया। फोन पर बात करने के बाद वह किसी से मिलने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। चिंतित परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी हर संभव जगह तलाश की, लेकिन पंकज का कोई सुराग नहीं मिला। अंत में थक-हारकर परिवार ने खेतड़ी थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। सोमवार की शाम को परिवार की तलाश उस वक्त एक खौफनाक मोड़ पर आकर रुक गई, जब घर से कुछ ही दूरी पर खेत में बने कुएं के पास पंकज के मोबाइल का कवर मिला। शक होने पर जब कुएं में झांका गया तो वहां पंकज का शव दिखाई दिया। सूचना मिलते ही खेतड़ी डीएसपी और थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। घटनास्थल का मंजर दिल दहला देने वाला था। खेत में फसल टूटी हुई थी और पैरों के घसीटने के निशान साफ दिखाई दे रहे थे। कुएं के पास जमीन पर खून के धब्बे भी मिले। मृतक पंकज के शरीर पर भी चोटों के कई निशान पाए गए, जो किसी संघर्ष की ओर इशारा कर रहे थे।

इन सबूतों को देखते हुए परिजनों ने तुरंत हत्या की आशंका जताई। उनका आरोप है कि पंकज की बेरहमी से हत्या करने के बाद सबूत मिटाने के लिए शव को कुएं में फेंका गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया है।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए खेतड़ी के अजीत अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवा दिया। मंगलवार सुबह यह खबर फैलते ही बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए और वहां हंगामा शुरू कर दिया। आक्रोशित लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पंकज का शव लेने से साफ इनकार कर दिया। वे आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए और अस्पताल के सामने ही धरने पर बैठ गए।

धरने की सूचना मिलने पर खेतड़ी थानाधिकारी कैलाश चंद और खेतड़ीनगर थाने से विजय कुमार भड़िया समेत अन्य पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें पोस्टमॉर्टम करवाने के लिए समझाने की कोशिश की। लेकिन, गुस्साए परिजन इस बात पर अड़े हुए हैं कि जब तक हत्या का खुलासा नहीं होता और आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया जाता, तब तक वे शव का पोस्टमॉर्टम नहीं होने देंगे। थानाधिकारी विजय कुमार चंदेल ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर गहनता से जांच की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# पंचायत समिति की दुकानों के आवंटन में धांधली : तत्कालीन प्रधान, विकास अधिकारी समेत 16 पर FIR

शिवानंद, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। पंचायत समिति की दुकानों को गलत तरीके से किराए पर आवंटित करने के मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है। कोर्ट के आदेश पर तत्कालीन विकास अधिकारी समेत 16 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई स्वामी सेही निवासी देवेंद्र कुमार द्वारा दायर किए गए इस्तगासे के बाद हुई। परिवादी देवेंद्र कुमार ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि जून 2021 में उन्होंने पंचायत समिति की दुकान के किराये के लिए आवेदन किया था, लेकिन नियमों का पालन करने के बावजूद उन्हें दुकान नहीं दी गई। इस मामले में कोर्ट ने तत्कालीन प्रधान इंद्रा डूडी, तत्कालीन विकास अधिकारी रणसिंह, सहायक अभियंता महेंद्रसिंह, सहायक लेखाधिकारी ओमप्रकाश गोदारा, कनिष्ठ तकनीकी सहायक महीपाल सिंह, सहायक लेखाधिकारी महेश कुमार, जिप वरिष्ठ लेखाधिकारी सतपाल, सारी निवासी अनिल कुमार, वार्ड 34 निवासी पुलकित, सूरजगढ़ रोड निवासी सुशीला जिनोलिया, आदर्श कॉलोनी निवासी विनोद कुमार नेहरा, वार्ड 25 के महेंद्र कुमार शर्मा, विकास नगर निवासी जगदीशप्रसाद शर्मा, वार्ड 25 निवासी शांति देवी, और विकास नगर निवासी राजकुमारी शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया है।

# आज से होगी भाजपा के 'सेवा पखवाड़ा अभियान' की शुरुआत



**राजेंद्र सिंह, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। भाजपा के 'सेवा पखवाड़ा अभियान' की शुरुआत आज से होगी। इस अभियान की शुरुआत स्वच्छता अभियान के साथ की जाएगी, जिसके तहत हर बूथ पर भाजपा कार्यकर्ता साफ सफाई करेंगे और स्वच्छता का संदेश देंगे। प्रत्येक बूथ संयोजकों की निगरानी में चलने वाले इस अभियान का मकसद समाज में स्वच्छता और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। अभियान के तहत 18, 19, 20 सितंबर को रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उसी क्रम में 18 सितंबर को मंड्रेला सार्वजनिक अस्पताल में, 19 सितंबर को पिपली सार्वजनिक अस्पताल में तथा 20 सितंबर को उप जिला अस्पताल चिड़ावा व 20 सितंबर को ही बिरला अस्पताल पिलानी में रक्तदान शिविरों का आयोजन होगा। भाजपा नेता राजेश दहिया ने बताया की अभियान की तैयारी को लेकर पिलानी विधानसभा के सभी मंडलों में कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है।**



# परमहंस स्कूल (PCP) के जूनियर कैम्पस में पीटीएम का आयोजन

## विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट से कराया अवगत

योगेश्वर पचरंगिया, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। शहर के विकास नगर स्थित परमहंस (PCP) स्कूल के जूनियर विंग में PTM का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक बिरजू राम, निदेशक विक्रम जांगिड़ और सह-निदेशक मनोज जांगिड़ ने अभिभावकों के साथ सरस्वती वंदना और पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में लगभग 523 अभिभावकों ने भाग लिया, जिन्हें उनके बच्चों के मासिक टेस्ट, यूनिट टेस्ट और प्री-फाउंडेशन के माइनर टेस्ट के परिणाम सौंपे गए। इस दौरान, अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें फाउंडेशन और स्कूल बैच की गतिविधियाँ शामिल थीं।

अभिभावकों ने अपने बच्चों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और विद्यालय प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपने सुझाव भी दिए, जिन्हें विद्यालय प्रशासन ने नोट किया और भविष्य में अमल करने का आश्वासन दिया।

विद्यालय के निदेशक विक्रम जांगिड़ ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को न केवल शैक्षणिक रूप से मजबूत करना है, बल्कि उनका सर्वांगीण विकास भी करना है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को व्यक्तित्व विकास के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

कार्यक्रम के अंत में, अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन और स्टाफ की कड़ी मेहनत और समर्पण की प्रशंसा की। विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने भी अभिभावकों के सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। आयोजन में पंकज जांगीड़,प्रमिला, किरण,सुषमा, ऊषा, सुहाना,निर्मला,यशवंता, चित्रा, विनीता, गीता, मुन्नी, नेहा, मुस्कान, मंजू, मनीष, अनुज, राजीव, अनिता, पूजा, मेहर, सरस्वती, मनिषा ,ज्योति, नीतू, मोनिका, बिंदिया, विकास आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# चिड़ावा के वार्ड 28 में गहराया पानी का संकट, लोगों ने किया प्रदर्शन

## पिछले कई माह से पेयजल समस्या से परेशान वार्डवासियों का फूटा गुस्सा





योगेश शर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। शहर के वार्ड नंबर 28 में बालाजी मंदिर के पास पिछले एक महीने से पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। वार्ड के निवासियों ने जल संकट से तंग आकर जलदाय विभाग कार्यालय पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई और समाधान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

स्थानीय निवासी गंगाधर ने बताया कि उनके वार्ड में लगी पानी की मोटर बार-बार खराब हो जाती है, और पिछले छह दिनों से यह पूरी तरह ठप पड़ी है, जिससे पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मोटर चलाने वाले कर्मचारी ने अपनी चाबी कई लोगों को दे रखी है, जिसके कारण मोटर सही ढंग से नहीं चलाई जाती।

वहीं, रूपा शर्मा ने बताया कि ढाई माह से गलियों में पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं और विभाग के आश्वासन के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे विभाग के सामने ही धरना देंगे।

जलदाय विभाग के अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, पानी की मोटर जल गई थी क्योंकि कुएं में पानी का स्तर बहुत कम हो गया था। विभाग ने जली हुई मोटर को बदल दिया है और नई मोटर भी मौके पर भेज दी गई है। इसके अलावा, विभाग ने दो वैकल्पिक समाधानों पर भी विचार किया है: या तो पानी की आपूर्ति विश्वकर्मा मंदिर या पिलानी-खेती रोड पर स्थित दूसरे ट्यूबवेल से जोड़ी जाएगी, या फिर पास के लड़कियों के स्कूल के ट्यूबवेल से पाइपलाइन बिछाई जाएगी। विभाग ने मौके का मुआयना किया और भीलवाड़ा से बोरिंग मशीन मंगवाकर कुएं को और गहरा करने का भी निर्णय लिया है।

इस प्रदर्शन में मुकेश शर्मा, नरोत्तम शर्मा, बजरंग लाल, संदीप शर्मा, सुमन देवी, पाना देवी, मंजू देवी, मुन्नी देवी, सीताराम, रेखा और सरिता जांगिड़ समेत कई स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# एजीटीएफ चिड़ावा प्रभारी शशिकांत शर्मा को मिला दूसरा गैलंट्री प्रमोशन



शुभम शर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) चिड़ावा के प्रभारी शशिकांत शर्मा को उनकी बहादुरी और असाधारण सेवाओं के लिए दूसरा गैलेंट्री प्रमोशन दिया गया है। हेड कांस्टेबल से सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) के पद पर पदोन्नत हुए शशिकांत, सिर्फ 12.5 साल की सेवा में दो गैलेंट्री प्रमोशन हासिल करने वाले झुंझुनूं जिले के संभवतः पहले पुलिसकर्मी बन गए हैं। शशिकांत शर्मा को यह पदोन्नति उनके अदम्य साहस और उत्कृष्ट कार्य के लिए दी गई है। उन्होंने कई हार्डकोर अपराधियों और गैंगों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2013 में कांस्टेबल के रूप में भर्ती हुए शशिकांत को 2019 में जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) में शामिल किया गया था। वहां सिर्फ दो साल में ही उनकी बेहतरीन सेवाओं के लिए 2021 में उन्हें कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल के पद पर गैलेंट्री प्रमोशन दिया गया था। वर्तमान में एजीटीएफ चिड़ावा कैंप के प्रभारी शशिकांत ने हाल ही में लालचंद पेड़े वाले के मालिक से फिरौती मांगने और दुकान पर फायरिंग के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, उन्होंने गैंगवार, नशा और हथियारों की तस्करी जैसे कई गंभीर अपराधों को रोकने में भी सफलता हासिल की है।